# SUMMATIVE ASSESSMENT – II, 2012
# संकलित परीक्षा – II, 2012

**SS-2030**

## SOCIAL SCIENCE / सामाजिक विज्ञान
## Class – X / कक्षा – X

**Time allowed : 3 hours** | **Maximum Marks : 80**
**निर्धारित समय : 3 घण्टे** | **अधिकतम अंक : 80**

**General Instructions :**

(i) The question paper has **36** questions in all. All questions are **compulsory**.

(ii) Marks are indicated against each question.

(iii) Questions from serial number **1** to **16** are Multiple Choice Questions. Each question carries **one mark**.

(iv) Questions from serial number **17** to **29** are **3 marks** questions. Answer of these questions should not exceed **80 words** each.

(v) Questions from serial number **30** to **34** are **4 marks** questions. Answer of these questions should not exceed **100 words** each.

(vi) Question number **35** is a map question of **2 marks** from History and Question number **36** is a map question of **3** marks from Geography only. After completion, attach both the maps inside your answer book.

**सामान्य निर्देश :**

(i) इस प्रश्न पत्र में कुल **36** प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **अनिवार्य** है।

(ii) प्रत्येक प्रश्न के सामने उसके अंक लिखे हुए हैं।

(iii) प्रश्न क्रमांक **1** से **16** तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1 अंक** का है।

(iv) प्रश्न क्रमांक **17** से **29** तक प्रत्येक प्रश्न **3 अंक** का है। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **80 शब्दों** से अधिक नहीं होना चाहिए।

(v) प्रश्न क्रमांक **30** से **34** तक प्रत्येक प्रश्न **4 अंक** का है। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **120 शब्दों** से अधिक नहीं होना चाहिए।

(vi) प्रश्न क्रमांक **35** केवल इतिहास से मानचित्र सम्बन्धी **2** अंक का प्रश्न है और प्रश्न क्रमांक **36** केवल भूगोल से मानचित्र सम्बन्धी **3 अंक** का प्रश्न है। मानचित्र पर उत्तर लिखने के बाद इनको अपनी उत्तर पुस्तिका के अन्दर रख कर बांध दीजिए।

**1A.** The Habsburg empire ruled over the area of ___________ **1**

(a) Austria – Hungary (b) Dutch Republic
(c) Germany (d) Sweden.

हैब्सबर्ग साम्राज्य का किन क्षेत्रों पर शासन था ?

(a) आस्ट्रिया-हंगरी (b) उच गणराज्य
(c) जर्मनी (d) स्वीडन

**OR / अथवा**

**1B.** The communist Party of Vietnam was formed by ___________. **1**

(a) Phan Boi Chau (b) Ho Chi Minh
(c) Bao Dai (d) Sun – Yat – Sen.

वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी का गठन किसने किया था ?

(a) फान-बोई-चाऊ (b) हो ची मिन्ह
(c) बाओ देइं (d) सुन यात-सेन

**2A.** Name the battle which Napoleon lost in 1813 : **1**

(a) Milan (b) Victoria (c) Warsaw (d) Leipzig.

1813 में नेपोलियन किस युद्ध में हार गया था ?

(a) मिलान (b) विक्टोरिया (c) वारसा (d) लाइप्त्सिग

**OR/अथवा**

**2B.** Who formed the Revolutionary Society in Vietnam in 1903 ? **1**

(a) Prince Cuong De (b) Phan Chu Trinh.
(c) Phan Boi Chau (d) Ho Chi Minh.

1903 में रिवोल्यूशनरी पार्टी का गठन किसने किया था ?

(a) प्रिंस क्वांग दे (b) फान-चाऊ त्रिन्ह
(c) फान-बोई-चाऊ (d) हो-ची-मिन्ह

**3.** Which Congress session adopted the declaration of Purna Swaraj ? **1**

(a) Nagpur (b) Lahore (c) Calcutta (d) Madras.

कांग्रेस के किस अधिवेशन पूर्ण स्वराज की घोषणा की गई ?

(a) नागपुर (b) लाहौर (c) कोलकत्ता (d) मद्रास

**4.** Under whose leadership was the Non Cooperation Movement started in the Gudem Hills of Andhra Pradesh ? **1**

(a) C.R. Das (b) Gandhiji.
(c) Subhas Chandra Bose (d) Alluri Sitaram Raju.

आन्ध्र प्रदेश की गुडेम पहाड़ियों में किस के नेतृत्व में असहयोग आन्दोलन शुरू हुआ था ?

(a) सी. आर. दास (b) गांधी जी
(c) सुभाष चन्द्र बोस (d) अल्लूरी सीता राम राजू

**5.** Geothermal energy is produced in ___________ **1**

(a) Sikkim (b) Uttarkhand.
(c) Himachal Pradesh (d) Mizoram.

भारत में भू-तापीय उर्जा कहाँ उत्पन्न होती है ?

(a) सिक्किम (b) उत्तराखण्ड
(c) हिमाचल प्रदेश (d) मिजोरम

6. Koderma, in Jharkhand is the leading producer of which one of the following minerals ? **1**

(a) bauxite (b) mica (c) iron ore (d) copper.

झारखण्ड में कोडरमा निम्नलिखित में से किस खनिज का मुख्य उत्पादक है?

(a) बाक्साइट (b) अभ्रक (c) लौह अयस्क (d) तांबा

7. Name the industry classified on the basis of capital investment **1**

(a) Joint sector (b) Private sector

(c) Large scale (d) Public sector

निम्नलिखित में से कौन सा उद्योग क्षेत्रक पूंजी के आधार पर वर्गीकृत है?

(a) संयुक्त क्षेत्रक (b) निजी क्षेत्रक

(c) बृहत् उद्योग (d) सार्वजनिक क्षेत्रक

8. The National Waterways No. 1. is between ___________ **1**

(a) Sadiya – Dhubri (b) Kottapurma – Komman.

(c) Hazira – Jagdishpur (d) Allahabad – Haldia.

राष्ट्रीय जल मार्ग संख्या 1 किस-किस के बीच है?

(a) सादिया-धुबरी (b) कोट्टापुरम-कोम्मान

(c) हजीरा-जगदीशपुर (d) इलाहाबाद-हल्दिया

9. The Narmada Bachao Andolan was a ___________ **1**

(a) Single issue movement (b) Double issue movement

(c) Political Party (d) Trade Union

नर्मदा बचाओ आन्दोलन निम्नलिखित में से किस प्रकार का आन्दोलन था?

(a) एक मुद्दे पर केन्द्रित (b) दो मुद्दों पर केन्द्रित

(c) राजनीतिक आन्दोलन (d) मजदूर संघ

10. The roots of parties like the DMK and the AIADMK in Tamil Nadu can be traced to the long drawn out reform movement during ___________. **1**

(a) 1920 s - 1940 s (b) 1930 s – 1940 s

(c) 1920 s - 1930 s (d) 1940 s – 1950 s

द्रविड़ मुनेत्र कड़गम तथा अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम पार्टियों का उद्भव लम्बे समय तक चले सुधार आन्दोलन में खोजा जा सकता है। यह आन्दोलन कब हुआ था?

(a) 1920 के दशक से 1940 के दशक तक

(b) 1930 के दशक से 1940 के दशक तक

(c) 1920 के दशक से 1930 के दशक तक

(d) 1940 के दशक से 1950 के दशक तक

11. The United Kingdom is an example of ___________ **1**

(a) Single party system. (b) Two Party system.

(c) Multi Party system. (d) A Coalition.

युनाइटिड किंग्डम (इंग्लैण्ड) में निम्नलिखित में से कौन सी प्रणाली है?

(a) एक दलीय व्यवस्था (b) द्विदलीय व्यवस्था

(c) बहुदलीय व्यवस्था (d) गठबन्धन

**12.** Which Challenge is faced by every democracy in One form or the other ? **1**

(a) Foundational challenge
(b) Challenge of expansion
(c) Challenge of deepening of democracy
(d) None of the above.

प्रत्येक लोक तन्त्र को निम्नलिखित में किस से चुनौती का सामना किसी न किसी रूप में करना पड़ता है ?

(a) बुनियादी आधार की चुनौती (b) विस्तार की चुनौती
(c) लोक तन्त्र मजबूत करने की चुनौती (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**13.** It is an asset that the borrower owns and uses this as a guarantee to the lender until the loan is repaid. **1**

(a) Terms of credit (b) Double coincidence of wants
(c) Collateral (d) Debt – trap.

उस सम्पति को क्या कहा जाता है जिसे ऋण लेने वाला ऋण दाता के पास ऋण न लौटाए जाने तक गारंटी के रूप में रखता है ?

(a) ऋण की शर्तें (b) आवश्यकताओं का दोहरा संयोग
(c) ऋणाधार (d) कर्ज़–जाल

**14.** Why Cheap and affordable credit is crucial for the country's development ? **1**

(a) For increasing agricultural production.
(b) Setting up new industries.
(c) For trading in goods.
(d) For all of the above.

देश के विकास के लिए सस्ते और वहनीय ऋण क्यों महत्वपूर्ण हैं ?

(a) कृषि उत्पादन को बढ़ाने के लिए (b) नये उद्योग स्थापित करने के लिए
(c) वस्तुओं के व्यापार के लिए (d) उपरोक्त सभी के लिए

**15.** Removing trade barriers or restrictions set by the government is known as ____________ **1**

(a) Globalisation (b) Liberalisation
(c) Trade surplus (d) Foreign investment

सरकार द्वारा लगाए टैक्स अवरोध तथा पाबन्दियों को हटाने को क्या कहा जाता है ?

(a) वैश्वीकरण (b) उदारीकरण
(c) व्यापार अधिशेष (d) विदेशी निवेश

**16.** Which one of the following is not a Consumer Right ? **1**

(a) Right to choose (b) Right to safety
(c) Right to property (d) Right to be informed.

निम्नलिखित में से कौन उपभोक्ता अधिकार नहीं है ?

(a) चुनने का अधिकार (b) सुरक्षा का अधिकार
(c) सम्पति का अधिकार (d) सूचना पाने का अधिकार

**17.A** How did the Balkan region become a source of Nationalist tension in Europe after 1871 ? **3**

1871 के बाद यूरोप में बाल्कन क्षेत्र किस प्रकार राष्ट्रवादी तनाव का स्त्रोत बन गए ?

**OR**

**17.B** What were the differences of opinion between the two groups in Vietnam regarding the introduction of French educational system ? **3**

वियतनाम में फ्रांसीसी शिक्षण व्यवस्था लागू किए जाने के सम्बन्ध में दो समूहों के विचारों में क्या अन्तर

था ?

**18.** Examine the events that led to the Civil Disobedience Movement. Why did the industrialists support this movement ? **2+1=3**
सविनय अवज्ञा आन्दोलन की ओर ले जाने वाली घटनाओं का परीक्षण कीजिए। उद्योगपतियों ने इस आन्दोलन को सहयोग क्यों दिया ?

**19.** What is a mineral ? What is the need for conserving minerals ? **1+2=3**
खनिज क्या होता है ? खनिजों के संरक्षण की क्या आवश्यकता है ?

**20.** How are integrated steel plants different from mini steel plants ? What are the problems faced by this industry ? **2+1=3**
संकलित स्टील संयत्र छोटे स्टील संयत्र से किस प्रकार भिन्न हैं ? इस उद्योग के सामने क्या चुनौतियाँ हैं ?

**21.** Explain the factors responsible for localisation of jute textile mills mainly on the banks of the river Hugli. **3**
परसन उद्योग मिलों के मुख्यत: हुगली नदी के किनारे अवस्थित होने के लिए उत्तरदायी कारकों को स्पष्ट कीजिए।

**22.** How do pressure groups and movements exert influence on politics ? **3**
दबाव समूह और आन्दोलन राजनीति को किस प्रकार प्रभावित करते हैं ?

**23.** How does a democracy produce an accountable responsive and legitimate government ? **3**
लोकतन्त्र कैसे एक उत्तरदायी, जवाबदेह और वैध सरकार प्रदान करता है ?

**24.** Are democracies based on political and economic equalities ? Explain. **1½+1½=3**
क्या लोकतन्त्र राजनीतिक और आर्थिक समानता पर आधारित होते हैं ? स्पष्ट कीजिए।

**25.** What is a democratic reform ? Mention a few broad guidelines for devising political reforms in India. **1+2=3**
राजनीतिक सुधार क्या है ? भारत में राजनीतिक सुधारों का तरीका ढूंढने के लिए कुछ व्यापक दिशा निर्देशों का उल्लेख कीजिए।

**26.** Describe the factors which have enabled globalisation in India with examples. **1+1+1=3**
उदाहरण दे कर उन कारकों का वर्णन कीजिए जिन्होंने भारत में वैश्वीकरण को सम्भव बनाया।

**27.** "The impact of Globalisation has not been uniform in India". Explain this statement. **3**
''भारत में वैश्वीकरण का प्रभाव समरूप नहीं हुआ'' इस कथन की व्याख्या कीजिए।

**28.** Analyse with a suitable example the meaning of 'The Right to Choose 'provided under the Consumer Protection Act. **3**
एक उपयुक्त उदाहरण के द्वारा उपभोक्ता सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत दिए गए 'चुनने का अधिकार' का विश्लेषण कीजिए।

**29.** What are the factors that gave birth to the Consumer Movement in India ? Trace its evolution. **3**
वे कौन से कारक हैं जिनके कारण भारत में उपभोक्ता आन्दोलन ने जन्म लिया ? इसके उद्भव की पड़ताल

कीजिए।

**30A.** Ottovon Bismarck was the architect of 'German unification". Explain. **4**
'आटोवोन बिस्मार्क जर्मनी के एकीकरण का जनक था' इस कथन की व्याख्या कीजिए।

**OR / अथवा**

**30B.** Explain the four challenges faced by the 'New Republic of Vietnam. **4x1=4**
नए वियतनाम गणराज्य के सामने की चार चुनौतियों को स्पष्ट कीजिए।

**31.** How did the Indians belonging to different communities, regions and languages develop a sense of collective belongingness ? **4**
विभिन्न समुदायों, क्षेत्रों और भाषाओं से सम्बन्ध रखने वाले भारतीयों ने किस प्रकार एक सामूहिक अपनेपन का भाव विकसित किया ?

**32.** Write a note on the changing nature of international trade in India in the last fifteen years. **4**
गत पन्द्रह वर्षों में भारत में अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार की बदलती प्रकृति पर एक नोट लिखिए।

**33.** Write any four functions of Political Parties ? **4x1=4**
राजनीतिक पार्टियों के कोई चार कार्य लिखिए।

**34.** Explain the differences between formal and informal sources of credit ? **2+2=4**
ऋण के औपचारिक और अनौपचारिक स्त्रोतों के बीच अन्तर स्पष्ट कीजिए।

**35.** Two features A and B are marked in the given outline political map of India. Identify these features with the help of the following information and write their correct names on the lines marked in the map. **2**

(A) The place where the Indian National Congress Session was held in 1929 ?
(B) The Satyagraha of the cotton mill workers was held here.

भारत के दिए हुए राजनीतिक मानचित्र पर 'A' और 'B' दो लक्षण चिन्हित किए हुए हैं। नीचे दी गई जानकारी के आधार पर इन लक्षणों की पहचान कीजिए और मानचित्र में चिन्हित रेखाओं पर उनके सही नाम लिखिए।

(A) वह स्थान जहाँ 1929 में कांग्रेस अधिवेशन हुआ था
(B) वह स्थान जहाँ सूती कपडा मिल के मज़दूरों ने सत्याग्रह किया था।

**OR / अथवा**

(i) Kheda : Peasant Satyagraha. **2**
(ii) Dandi : The Salt Satyagraha.

**नोट :** उसी मानचित्र पर निम्नलिखित को उपयुक्त संकेतों द्वारा दर्शाइये और उनके सही नाम लिखिए।

(i) खेड़ा : किसान सत्याग्रह
(ii) डांडी : नमक सत्याग्रह

**Note** : The following questions are for the **BLIND CANDIDATES** Only, in lieu of ***Q.No.35.*** **2**

(35.1) Name the place where the Indian National congress session was held in December 1929.
(35.2) Name the place where the Non Cooperation movement was called off.

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न **केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न क्रमांक **35** के स्थान पर हैं।

(35.1) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ दिसम्बर 1929 में कांग्रेस अधिवेशन हुआ था ?
(35.2) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ असहयोग आन्दोलन वापस लिया गया था।

**36.** Three features A,B and C are marked in the given outline political map of India. Identify these features with the help of the following information and write their correct names on the lines marked in the map. **3**

(A) Iron ore mine
(B) Coal mine
(C) Thermal Power Plant

भारत के दिए हुए राजनीतिक रेखा मानचित्र पर 'A' 'B' और 'C' तीन लक्षण चिन्हित किए हुए हैं। नीचे दी गई जानकारी के आधार पर इनकी पहचान कीजिए तथा मानचित्र में चिन्हित रेखाओं पर उनके सही नाम लिखिए।

(A) लौह अयस्क खदान
(B) कोयला खदान
(C) तापीय विद्युत संयत्र

**OR / अथवा**

Locate and label the following items on the same map with appropriate symbols. **3**

(i) Rawat Bhata Nuclear Power plant.
(ii) Silk industry in Jammu & Kashmir.
(iii) Nedimbacherry international airport.

**नोट :** उसी मानचित्र पर निम्नलिखित को उपयुक्त संकेतों द्वारा दर्शाइये और उनके सही नाम लिखिए। **3**

(i) रावत भाटा आणविक विद्युत संयत्र
(ii) जम्मू काश्मीर में अनन्त नाग रेशम उद्योग
(iii) नेदिंबाचेरी हवाई पत्तन


**Note :** The following questions are for the BLIND CANDIDATES only in lieu of Q.No..36

(36.1) Name the major seaport in Goa.
(36.2) Name a nuclear power plant in Karnataka.
(36.3) Name an important silk industrial centre in Jammu and Kashmir.


**नोट:** निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न क्रमांक 36 के स्थान पर हैं।

(36.1) गोवा के मुख्य समुद्री पत्तन का नाम लिखिए।
(36.2) कर्नाटक के एक आणविक उर्जा संयत्र का नाम लिखिए
(36.3) जम्मू काश्मीर के प्रमुख रेशम उद्योग केन्द्र का नाम लिखिए।

35.


INDIA - STATE (POLITICAL)
Name
Std.
Section
Question No- 35
(A)
(B)
Scale 1:17,000,000 1 cm = 170 kms
Lambert Conical Orthomorphic Projection

36.


INDIA - STATE (POLITICAL)
Name :
Std. :
Section :
Question No- 36
(B)
(C)
(A)
Scale 1:17,000,000 1 cm = 170 kms
Lambert Conical Orthomorphic Projection

- o O o -